प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 10.06.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न रक्षा उत्पादन में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत के रक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवतन की सराहना की।
2. प्रधानमंत्री के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष के कार्यकाल पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ मे प्रस्तुत किया रिपोर्ट कार्ड : कहा– यह विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का स्वर्णिम काल।
3. मुख्यमंत्री ने बहराइच में 1243 करोड़ रुपये की 384 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कहा– डबल इंजन सरकार ने दिया महाराजा सुहेलदेव को सम्मान।

और

4. प्रदेश में भीषण गर्मी और लू से जनजीवन प्रभावित : पिछले 24 घंटे के दौरान झांसी और आगरा में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले ग्यारह वर्ष में भारत के रक्षा क्षेत्र में हुए उल्लेखनीय परिवर्तन पर प्रकाश डाला है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा उत्पादन में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता हासिल करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह

देखना उत्साहजनक ह कि कैसे भारत के लोग राष्ट्र को मजबूत करने के साझा संकल्प के साथ एकजुट हुए हैं।

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता कर केंद्र सरकार का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। इस दौरान उन्होंने इन 11 वर्षों के कार्यकाल को विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का स्वर्णिम काल करार दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सैन्य शक्ति बनकर उभरा है जिसकी ताकत दुनिया ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देखी । बाइट.....

*भारत तो केवल शांति का पक्षधर है। हर हाल में हमें शांति की रट लगाने की जो आदत दो हज़ार चौदह के पहले पड़ गई थी। मोदी जी ने न्यू नॉर्मल के माध्यम से उस अवधारणा को पलट करके सज्जनों के साथ मित्रों के साथ हम लोग शांति से सौहार्द के साथ विकास की बात करेंगे। लेकिन कोई हम पर युद्ध थोपेगा। हमारी सुरक्षा में सेंध लगाएगा। भारत के अंदर आतंकवाद को प्रेरित और प्रोत्साहित करेगा तो उसका जवाब सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंधूरी ही होंगे।*

श्री योगी न पंच प्रण का जिक्र करते हुए कहा कि यह पंच प्रण, विकसित भारत का संकल्प, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, अपनी विरासत पर गर्व, राष्ट्रीय एकता और एकजुटता और नागरिक कर्तव्य का पालन हैं। मुख्यमंत्री ने

कहा कि पहली बार गरीब, शासन की योजना का हिस्सा बन पाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आस्था और अर्थव्यवस्था का बेहतर समन्वय हो सकता है, विरासत भी विकास का माध्यम बन सकती है यह सबने महाकुंभ के माध्यम से देखा है। बाइट....

*आस्था और अर्थव्यवस्था का बेहतर समन्वय हो सकता है।विरासत भी विकास का माध्यम बन सकती है। ये हम सबने महाकुंभ के माध्यम से देखा। प्रधानमंत्री मोदी जी का मार्गदर्शन और नेतृत्व ने प्रयागराज महाकुंभ की सफलता को जिन ऊंचाईयों तक पहुंचाया था आपने उसको महसूस किया होगा। कैसे उसके माध्यम से हमने एक नए भारत का दर्शन किया। आस्था के माध्यम से आर्थिकी के पांच नए कॉरिडोर यूपी के अंदर बनते हुए दिखाई दिए।*

मुख्यमंत्री ने श्री मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में 11 वर्ष के कार्यकाल पूरे करने के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

——————

भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता को लेकर पेश है एक रिपोर्ट.....

*पिछले एक दशक में, भारत ने अपनी सुरक्षा नीति को स्पष्टता, दृढ़ निश्चय और आत्मविश्वास के साथ परिभाषित किया है। 2016 की सर्जिकल*

*स्ट्राइक से लेकर, 2025 में, ऑपरेशन सिंदूर तक, संदेश स्पष्ट है।—एक सटीक, समन्वित मिशन, जिसमें देश के वीर जवानों ने सीमा पारनौ आतंकी शिविरों को बेअसर कर दिया जो पहलगाम आतंकी हमले का एक तत्पर और निर्णायक जवाब साबित हुआ। स्वदेशी विनिर्माण ने इसकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त, रक्षा निर्यात बढ़कर रिकॉर्ड 23 हजार 622 करोड़ रुपये हो गया है, जो 2014 से 34 गुना की वृद्धि है। 5 अग्रिम मोर्चे से लेकर कारखानों तक, युद्ध के मैदानों से लेकर बोर्डरूम तक भारत एक नए युग की शुरुआत कर रहा है, जहां सुरक्षा ही ताकत है और आत्मनिर्भरता उसकी ढाल। विष्णु की रिपोर्ट के साथ, आदर्श, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

—————————

केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने आज प्रयागराज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिछले 11 वर्ष के कार्यकाल को बेमिसाल बताया। उन्होंने कहा कि इस दौरान शासन की योजनाओं का लाभ आम जनमानस तक पहुंचा है। बाइट....

*मोदी जी का कार्यकाल भारत का स्वर्ण युग है जिसमें अस्सी करोड़ लोग पाँच किलो गेहूँ चावल ले रहे हैं। साठ करोड़ लोग आयुष्मान का लाभ ले रहे हैं। इसके अलावा बारह करोड़ लोग किसान सम्मान निधि ले रहे हैं। तीन सौ सत्तर खत्म हुई है। तीन तलाक खत्म हुए है और किसान सम्मान निधि एक बटन दबती है दो हज़ार रूपए सीधे देश के बारह करोड़ किसानों के आते हैं।*

—————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बहराइच के चित्तौरा ब्लॉक की मसीहाबाद ग्रामसभा में महाराजा सुहेलदेव के विजयोत्सव कार्यक्रम में शिरकत की। मुख्यमंत्री ने 40 करोड़ रुपये की लागत से बने महाराजा सुहेलदेव स्मारक का उद्घाटन और महाराजा सुहेलदेव की कांस्य की 40 फिट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने 1 हजार 243 करोड़ की 384 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण–शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इतिहास में उन्हें जो सम्मान मिलना चाहिए था, वह नहीं मिला। बाइट.....

*महाराज सुहेलदेव को जो इतिहास में सम्मान मिलना चाहिए था, नहीं मिला। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी के विरासत और विकास के इस अभियान को आगे बढ़ाते हुए डबल इंजन की भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व की सरकार ने संकल्प लिया था कि भव्य स्मारक का लोकार्पण आज बहराइच के चित्तौरा नामक स्थान पर एक कार्यक्रम संपन्न हो रहा है।*

श्री योगी ने यहां एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण भी किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर महाराजा बलभद्र सिंह को भी याद किया।

---------

प्रदेश के स्टांप और पंजीयन राज्य मंत्री रविंद्र जायसवाल ने आज वाराणसी के सारनाथ में महाराजा सुहेलदेव स्मृति द्वार का लोकार्पण किया। इस अवसर पर महाराजा सुहेलदेव की स्मृति में पद यात्रा का भी आयोजन किया गया और आज के दिन को विजय दिवस के रूप में मनाया गया।

---------

लखनऊ के लाल और सिटी मोन्टेसरी स्कूल के छात्र रहे भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला कल अमेरिका के कैनेडी से अपनी ऐतिहासिक अन्तरिक्ष उड़ान की शुरुआत करेंगे। इसका सीधा प्रसारण कल शाम 4 बजकर 45 मिनट से सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित 'व्योमनाइट' के अन्तर्गत किया जायेगा। इस अवसर पर शुभांशु के माता–पिता और अन्य परिवारजनों के साथ ही बड़ी संख्या में छात्र और शिक्षक इस ऐतिहासिक अन्तरिक्ष यात्रा का सीधा प्रसारण देखेंगे।

---------

केंद्र सरकार के विकसित भारत कृषि संकल्प अभियान के तहत आज बरेली के गांव बिहारीपुर अब्दुल रहमान में

वैज्ञानिकों ने किसानों के साथ संवाद किया। इस अवसर पर आई वी आर आई के निदेशक डॉ त्रिवेणी दत्त ने बताया कि संस्थान की 108 टीमें किसानो को नई तकनीक से जोड़ने के साथ उनकी समस्याओं का समाधान कर रही हैं।

बाइट....

*संस्थान ने एक सौ आठ टीम वैज्ञानिकों की बनाई है जिसमें हमारे लगभग पाँच सौ चार कर्मचारी जो कृषि वैज्ञानिक बरेली, रामपुर और बदायूं में कार्य कर रहे हैं। एक दिन में एक टीम को तीन जगह जाना होता है तो अभी तक हम लगभग पाँच सौ गाँव कवर कर चुके हैं।*

——————————

प्रदेश भर में पड़ रही भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित हो गया है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक लू चलने का अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटे के दौरान झांसी और आगरा में तापमान 45 दशमलव 9 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं उरई म भी पारा 45 डिग्री के पार रहा, जबकि प्रदेश के 7 से ज्यादा जनपदों में तापमान 43 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया। मौसम विभाग ने गर्मी से बचने के लिए एडवाइजरी जारी की है।

(समाप्त)